प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 27.04.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. लोकसभा चुनाव के दूसर चरण में प्रदेश की आठ संसदीय सीटों पर चौवन दशमलव आठ पांच प्रतिशत हुआ मतदान : सबसे अधिक अमरोहा और सबसे कम मथुरा में पड़े वोट।
2. तीसरे और चौथे चरण के लिये प्रचार अभियान हुआ तेज : भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाथरस, फिरोजाबाद और ओरैया में जनसभाओं को किया सम्बोधित, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कन्नौज में किया रोड–शो।
3. चौथे चरण के लिये भरे गये नामांकन पत्रों की जांच में एक सौ अड़तीस प्रत्याशियों के नामांकन वैध : बयासी प्रत्याशियों के नामांकन खारिज़।
4. इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह को दी जमानत : सजा पर रोक लगाने से कोर्ट ने किया इनकार।

और

5. लखनऊ के इकाना स्टडियम में आज खेला जा रहा है लखनऊ सुपर जाइंट्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच आईपीएल मैच।

---

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये उत्तर प्रदेश की आठ संसदीय सीटों– अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में कल मतदान प्रक्रिया पूरी हो गई। इन सीटों पर कुल 54 दशमलव आठ पांच प्रतिशत मतदान हुआ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अमरोहा में सर्वाधिक 64 दशमलव पांच चार प्रतिशत वहीं मथुरा में सबसे कम 49 दशमलव दो नौ प्रतिशत वोट पड़े। इसी तरह मेरठ में 59 दशमलव शून्य तीन, बागपत में 54 दशमलव छह तीन, गाजियाबाद में 49 दशमलव आठ शून्य, गौतमबुद्धनगर में 52 दशमलव चार छह, बुलंदशहर में 56 दशमलव चार एक और अलीगढ़ में 56 दशमलव छह दो प्रतिशत वोट पड़े।

दूसरे चरण की इन आठ लोकसभा सीटों के लिए प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों सहित कुल 91 उम्मीदवार मैदान में हैं। गौतमबुद्धनगर और मथुरा में सबसे अधिक 15–15 प्रत्याशी और बुलंदशहर में सबसे कम छह प्रत्याशी मैदान में हैं। इन आठ संसदीय सीटों में 2019 के लोकसभा चुनाव में अमरोहा को छोड़कर सात सीटें भाजपा ने जीती थी।

———————

प्रदेश में विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारक अलग–अलग निर्वाचन क्षेत्रों में अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी जनसभाएं और रोड–शो कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज हाथरस, फिरोजाबाद और औरैया में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को सम्बोधित किया।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस–इंडी गठबंधन का आधार भ्रष्टाचार और परिवारवाद है, जबकि मोदी जी के साथ 140 करोड़ जनता का स्नेह और विश्वास है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के लोगों की सहानुभूति गरीबों के साथ नहीं है।

उधर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कन्नौज लोकसभा सीट से प्रत्याशी अखिलेश यादव ने कन्नौज में रोड–शो किया और कानपुर देहात में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में जनता महंगाई से त्रस्त है। अखिलेश यादव ने कहा कि जब हमारी सरकार आयगी तो गरीब किसानों को पूरा कर्ज माफ होगा।

उधर भाजपा नेता और केन्द्रीय मंत्री मोनाक्षी लेखी ने कानपुर में भाजपा महिला मोर्चा सम्मेलन को सम्बोधित किया। उन्होंने कानपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी को भारी मतों से जिताने की अपील की।

अयोध्या में बूथ सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए भाजपा नेता और प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने इंडी गठबंधन की पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा कि यह क्षेत्रवाद, परिवारवाद और वंशवाद की पार्टियां हैं। जब–जब यह सत्ता में आती हैं गरीबों को लूटना ही उनका उद्‌देश्य रहता है।

लखनऊ में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में मीडिया विभाग के चेयरमैन और पूर्व मंत्री डॉ सीपी राय ने यूपी में बाकी बचे चरणों में पार्टी की तैयारियों को लेकर प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि जनता के मुद्दे पर पार्टी आगे बढ़ रही है। पिछले दस साल में सरकार की कमियों को लोगों के बीच रखने का काम प्रमुखता से किया जा रहा है जिसका सकारात्मक असर शुरुआती चरणों में देखने को मिला है और बाकी बचे चरणों में भी इसी रणनीति के साथ पार्टी आगे बढ़ेगी।

———————

लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण में प्रदेश की दस संसदीय सीटों पर सात मई को वोट डाले जायेंगे। इसमें बरेली संसदीय सीट भी शामिल है। इस सीट पर कुल 13 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। एक रिपोर्ट...

*नाथ नगरी के नाम से चर्चित बरेली लोकसभा सीट पर इस वक्त भाजपा का कब्जा है। साल 2014 में यहां पर बीजेपी के संतोष गंगवार ने सपा की आयशा इस्लाम को भारी मतों से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी और 2019 मे भी*

*भाजपा के संतोष गंगवार ने इस सीट पर पुनः जीत हासिल की। बरेली में इस बार बसपा प्रत्याशी छोटे लाल गंगवार का नामांकन निरस्त होने से भाजपा और इंडी गठबंधन प्रत्याशी के बीच सीधी टककर है। वैसे तो कुल 13 प्रत्याशी मैदान में हैं। इंडी गठबंधन ने इस बार प्रवीण सिह ऐरन को अपना प्रत्याशी बनाया है तो वंही भाजपा ने संतोष गंगवार का टिकट काट कर छत्रपाल गंगवार को प्रत्याशी बनाया है बरेली मे कुर्मी वोट हमेशा निर्णयक भूमिका मे रहा है हालांकि मुस्लिम मतदाता भी बड़ी संख्या मे यंहा है। वर्तमान की बात करें तो भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार बरेली के लिए नये हैं। वहीं गठबंधन के प्रवीण सिंह ऐरन की बरेली शहर और केंट विधानसभा मे अच्छी पकड़ है पर जनता का मूड क्या है। यह तो तीसरे चरण में 7 मई को यंहा होने वाले मतदान के बाद ही पता चलेगा। नाजिया अंजुम आकाशवाणी समाचार बरेली।*

——————————

**प्रदेश में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिये दाखिल किए गए नामांकन पत्रों की जांच का काम पूरा हो गया है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों के लिए 220 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। उन्होंने बताया कि कल नामांकन पत्रों की जांच में 138 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये हैं, जबकि 82 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज किए गए हैं। शाहजहांपुर सीट से सबसे अधिक 11 प्रत्याशियों के वहीं सबसे कम खीरी और मिश्रिख सीट से एक–एक प्रत्याशी का पर्चा रद्द हुआ है। धौरहरा में तीन, सीतापुर में नौ, उन्नाव में दस, फर्रूखाबाद में आठ, इटावा में सात, कन्नौज में ग्यारह, कानपुर में तेरह, अकबरपुर में पांच, बहराइच में तीन प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज**

हुए हैं। नाम वापसी की अंतिम तिथि 29 अप्रैल है। चौथे चरण में तेरह संसदीय सीटों पर 13 मई को मतदान होगा।

---------

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

----------

प्रदेश में पांचवें चरण की 14 लोकसभा सीटों और लखनऊ पूर्व विधानसभा उपचुनाव के लिए कल से नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन के पहले दिन कल चार उम्मीदवारों ने नामांकन किया। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि जालौन सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी के भानु प्रताप सिंह वर्मा ने नामांकन पत्र दाखिल किया, वहीं हमीरपुर सीट के लिए भाजपा प्रत्याशी कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह, बाराबंकी में भाजपा से राजरानी रावत और फैजाबाद में भाजपा के लल्लू सिंह ने अपना नामांकन किया।

उधर लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन के लिए भाजपा से ओ.पी.श्रीवास्तव और कांग्रेस से मुकेश सिंह चौहान ने नामांकन किया। पांचवें चरण की चौदह लोकसभा सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 3 मई है। 4 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 6 मई है। पांचवें चरण में मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोण्डा संसदीय सीट पर 20 मई को मतदान होगा। पांचवें चरण में दो करोड़ 70 लाख मतदाता हैं।

——————

सपा नेता अमरेन्द्र सिंह सेंगर और कमल श्रीवास्तव ने अपने समर्थकों के साथ आज राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। लखनऊ में राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में आयोजित सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में इन दोनों सपा नेताओं ने रालोद की सदस्यता ग्रहण करने के बाद कहा कि वे पार्टी के साथ जुड़कर एनडीए के प्रत्याशियों के लिये प्रचार का काम करेंगे।

——————

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को जमानत दे दी है, लेकिन उनकी सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। जौनपुर की एमपी–एमएलए कोर्ट ने अपहरण और जबरन वसूली मामले में उनको सात

साल की सजा सुनाई थी। सजा बरकरार रहने के कारण धनंजय सिंह चुनाव नहीं लड़ सकेंगे।

यह आदेश जस्टिस संजय कुमार सिंह की बेंच ने धनंजय सिंह की सजा के खिलाफ दाखिल अपील पर दिया है। नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल का अपहरण कराने, रंगदारी मांगने और धमकी देने के आरोपित धनंजय सिंह की जमानत अर्जी पर हाईकोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने आज यह फैसला सुनाया। धनंजय सिंह को आज ही जौनपुर के जिला कारागार से बरेली सेन्ट्रल जेल में शिफ्ट किया गया है।

—————————

आईपीएल क्रिकेट में आज लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स और राजस्थान रॉयल्स की टीमों के बीच मुकाबला होगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा। अंक तालिका में राजस्थान रॉयल्स की टीम पहले स्थान पर है, वहीं लखनऊ जायंट्स चौथे स्थान पर है।

—————————

शैक्षणिक एवं अनुसंधान कार्यों को बढ़ावा देने के लिए महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर और इंदिरागांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय मध्य प्रदेश के बीच आज एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। इस

अवसर पर उपस्थित रहे दोनों विश्वविद्यालयों के कुलसचिव ने बताया कि समझौते के तहत शैक्षणिक जरूरतों को पूरा करने, कौशल व क्षमता के विकास और विनिमय कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जायेगा। एमओयू के तहत फार्मेसी, पैरामेडिकल, नर्सिंग, योग एवं जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र शामिल है।

—————————